उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 25.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कबरई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध रुप से संचालित जुआ/सट्टा में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम निरीक्षक श्री यशवन्त सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.पन्नालाल 2.सलमान 3.रफीक 4. प्रदीप को धरौन नहर पुलिया के पास नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से मालफड़ 11,500/- रुपये व जामा तलाशी के कुल 950/- रुपये तथा 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुये, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 60/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.निरीक्षक श्री यशवन्त सिंह 2.कां0 अवनेश कुमार
3.कां0 करन सिंह 4.कां0 विनीत कुमार 5.कां0 अमित सिंह

### बरामदगी-

कुल 12,450 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.पन्नालाल पुत्र छोटेलाल उम्र 27 वर्ष नि0मु0 राजीव नगर कस्बा व थाना कबरई महोबा 2.सलमान पुत्र जवाब उम्र 27 वर्ष नि0मु0 गाँधीनगर कस्बा व थाना कबरई महोबा 3.रफीक पुत्र तरींम उम्र 26 वर्ष नि0मु0 गाँधीनगर कस्बा व थाना कबरई महोबा 4. प्रदीप पुत्र रामपाल उम्र 30 वर्ष नि0मु0 सुभाषनगर कस्बा व थाना कबरई महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 25.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी, इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।

जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड सुश्री हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री शशिकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 204/22 धारा 363/366/376 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अंशुल मिश्रा उर्फ कपिल मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायण मिश्रा उम्र 25 वर्ष को कस्बा पनवाड़ी बस स्टैण्ड के पास से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शशि कुमार पाण्डेय थाना पनवाड़ी महोबा।
2. वरि0 उ0 नि0 नरेश चन्द्र निगम 3. कां0 प्रमोद कुमार
4. का0 प्रवीन कुमार 5. का0 अंकित सिंह
6. का0 मनोज कुमार 7. म0का0 फूलकुवर

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अंशुल मिश्रा उर्फ कपिल मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायण मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी बन्धीशलैया थाना ईशानगर जनपद छतरपुर (म0प्र0)



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवरात्रि व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **25.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **85** ई-चालान किये गये ।







महोबा पुलिस